अतिमहत्वपूर्ण/विशेषध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु06/परी0/2026/1197 लखनऊःदिनांकः– 08/05/2026

विषयः **सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 के सुचारू एवं शुचितापूर्ण संचालन के संबंध में।**

महोदय,

सूच्य है कि परिषद की सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, मई–2026 में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की परीक्षाएं दिनांक 11/05/2026 से परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रारम्भ होगी। परीक्षा के एडमिट कार्ड इंस्टीट्यूट लॉगिन एवं स्टूडेण्ट लॉगिन पर उपलब्ध करा दिये गये हैं।

अवगत कराना है कि कतिपय संस्थाओं द्वारा यह अवगत कराया जा रहा है कि संस्था द्वारा परीक्षा फार्म अग्रसारित करते समय इलेक्टिव विषय का गलत चयन किये जाने के कारण या उनके द्वारा इलेक्टिव विषय का चयन नहीं किये जाने के कारण छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड पर गलत विषय प्रदर्शित हो रहा है, या वास्तविक संबंधित विषय प्रदर्शित नहीं हो रहा है।

अतः इस संबंध में अवगत कराना है कि छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड पर अपने स्तर से सही विषय अंकित कर संस्था प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित कराते हुए छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही संलग्न प्रारूप पर सूचना भरते हुए संबंधित परीक्षा केन्द्र के माध्यम से परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षा परीणाम में डाटा को सही कराते हुए सम्मिलित किया जा सके।

संलग्नक– प्रारूप।

भवदीय

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु06/परी0/2026/1198-1200 तद्दिनांकः– 08/05/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र मेरठ, उ0प्र0।
3. केन्द्र अधीक्षक/प्रधानाचार्य, इंजीनियिंरग पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र को इस निर्देश के साथ कि यदि किसी छात्र/छात्रा को एडमिट कार्ड पर अंकित विषय से भिन्न किसी विषय में सम्मिलित कराया जा रहा है तो उसकी सूचना परिषद कार्यालय में स्थापित कण्ट्रोल रूम को संलग्न प्रारूप पर भरकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

–:सूचना प्रारूप:–

क्रम सं0	छात्र की पंजीकरण संख्या (Enrolment Number)	अनुक्रमांक संख्या।	छात्र/छात्रा का नाम ।	ब्रांच का नाम।	सेमेस्टर का नाम/वर्ष।	क्यू0पी0 नम्बर।	विषय का नाम छात्र जिसमें सम्मिलित हुआ है।
01							
02							
03							
04							
05							
06							
07							
08							
09							
10							
11							
12							
13							
14							
15							
16							
17							

केन्द्र अधीक्षक का नाम/हस्ताक्षर–
केन्द्र का नाम–
कोड–

स्थायी पर्यवेक्षक का नाम/हस्ताक्षर–
केन्द्र का नाम–
कोड–

Scanned with OKEN Scanner